संक्षिप्त

एकमुश्त समाधान योजना लागू

भीलवाड़ा। राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम लि. (अनुजा निगम), द्वारा बजट घोषणा के अनुरूप विभिन्न योजनाओं में 31 मार्च 2024 तक ऋण का लाभ प्राप्त कर चुके लाभार्थियो के लिये एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) 2025-26 लागू की गई है। राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम लि.के परियोजना प्रबंधक नूतन कुमार शर्मा ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत अनुजा निगम से ऋण प्राप्त कर चुके ऋणियों को एक मुश्त मूलधन जमा करवाने पर ऋण राशि के साधारण ब्याज तथा दंडनीय ब्याज (शास्ति) में छूट प्रदान की जायेगी। यह योजना वर्तमान में लागु है।

मरीज की जान बचाई

अजमेर । जेएलएन अस्पताल के रेस्पिरेटरी विभाग में देर रात्रि एक मरीज की आपातकालीन ब्रोंकोस्कोपी करके जान बचाई गई। जेएलएन अस्पताल में न्यूरो सर्जरी विभाग में एक 28 वर्षीय युवक सिर में चोट की वजह से भर्ती हुआ है। मस्तिष्क में रक्तस्त्राव का ऑपरेशन के पश्चात श्वास की दिक्कत हुई।

'अभिभावक बचपन से ही बच्चे की रुचिनुसार कौशल विकास पर ध्यान दे'

अजमेर । अद्वैत सेंटर फॉर एक्सीलेंस इन एजुकेशन एंड थेरेपी, पंचशील, अजमेर में आयोजित समर कैंप के समापन समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. प्रमोद पारीक (जे. एल.एन. हॉस्पिटल) थे,जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुपम गोयल ने की। उनके साथ रचना गोयल, विशिष्ट अतिथि रेखा जैन समाजसेवी हर्ष जैन, समाजसेविका सौम्या जैन, राकेश कौशिक व क्षमा आर. कौशिक मंचासीन रहे।

राकेश कौशिक ने बताया कि समर कैंप का आयोजन 15 मई से 3 जून 2025 तक किया गया, जिसमें दिव्यांग एवं गैर-दिव्यांग कुल 18 बच्चों ने भाग लिया। बच्चों को आर्ट एंड क्राफ्ट, बेसिक कंप्यूटर, डांस, रोलर स्केटिंग, प्री-राइटिंग और रीडिंग जैसी विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में प्रशिक्षण दिया गया। बच्चों ने पूरे उत्साह और लगन से इन गतिविधियों में भाग लिया।

राकेश कौशिक ने बताया कि समर कैंप का आयोजन 15 मई से 3 जून 2025 तक किया गया।

समारोह के दौरान भाग लेने वाले सभी बच्चों को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। बच्चों की ओर से प्रस्तुत किए गए रंगारंग नृत्य कार्यक्रम ने उपस्थित दर्शकों का दिल जीत लिया। साथ ही, बच्चों की बनाई गई कला कृतियों की प्रदर्शनी को भी अतिथियों ने खूब सराहा। मुख्य अतिथि डॉ. प्रमोद पारीक ने अपने उद्बोधन में कहा, 'बचपन से ही बच्चों की प्रतिभाओं को पहचानकर उनका मार्गदर्शन किया जाना चाहिए, जिससे उनका सर्वांगीण विकास संभव हो सके, उन्होंने दिव्यांग बच्चों के लिए अजमेर में उपलब्ध थेरेपी सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि इससे अभिभावकों को अब सेवाएं स्थानीय स्तर पर सुलभ हो रही हैं। कार्यक्रम के अंत में क्षमा आर. कौशिक ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए स्मृति चिह्न भेंट किए। इस समर कैंप के सफल आयोजन में भंवर सिंह गोड, हरदयाल सिंह रावत, खेरुन्निशा शेख, बरखा गहलोत, शानू कंवरिया, दीपाली, समीक्षा और संतोष कंवर का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

योगाभ्यास 21 जून को

अजमेर, (कासं)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आगामी 21 जून 2025 को पुलिस लाइन ग्राउंड पर आयोजित होने वाले जिला स्तरीय योग समारोह में पूर्व राजनयिक भारतीय भारतीय दूतावास वॉशिंगटन डीसी अमेरिका, योगगुरु डॉ. मोक्षराज योगाभ्यास करवाएंगे। इस 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास के लिए उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग अजमेर ने डॉ. मोक्षराज को इस कार्य का निमंत्रण पत्र भेज कर स्वीकृति प्राप्त कर ली है, कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग अजमेर डॉ. हनुमान मीणा ने बताया कि 21 जून को प्रातः 7 से 8 बजे तक होने वाले इस सामूहिक योगाभ्यास में आमजन अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर करेंगे, इस आयोजन में प्रशासन का पूर्ण सहयोग मिल रहा है।

वर्तमान की भाग दौड़ भरी जिंदगी में योग आम व्यक्ति की जरूरत है, उन्होंने बताया कि इस आयोजन के लिए प्रारंभिक तौर पर बैठकों का दौर शुरू हो चुका है। 21 जून को होने वाले मुख्य समारोह से पूर्व तारागढ़, दरगाह, वरुण सागर, बारादरी, अकबर का किला तथा आनासागर के किनारे भी योग से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करके लोगों में जन जागृति अभियान चलाया जाएगा।

नाटक सिन्दूर का भव्य मंचन

अजमेर, (कासं)। नाट्य कला को समर्पित आधुनिक नाट्य कला संस्थान् एवं लाखन सिंह मिनी थियेटर द्वारा प्रस्तुत नाटक सिन्दूर का भव्य मंचन हुआ। जिसमें सभी कलाकारों ने अपने अभिनय से वाहवाही लूटी। नाटक मंच कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रमेश सोनी ने अपने संबोधन में कहा कि नाटक के माध्यम से पाकिस्तान की 1948 से लेकर पहलगाम तक की नापाक हरकतों पर भारत ने किस तरह से मुह तोड़ जवाब दिया उसका व्यंग पूर्ण चित्रण किया।

संवादों द्वारा बताया की जब तक आतंकवाद समाप्त नहीं होगा और पीओके पर बात नहीं होती तब तक पानी की एक एक बूँद को पाकिस्तान तरसेगा। छोड़ो कल की बातें कल की बात पूरानी सुन लो पाकिस्तानी हम है हिन्दुस्तानी गीतो के माध्यम से नाटक में बताया कि पुलवामा और पहलगाम नासूर भूला सकते नही हम अपनी आजादी को हर गिज़ भुला सकते नही। गीतों पर दर्शको ने खुब तालिया बजाई और देश भक्ति के नारे भी लगाए।

इस अवसर पर सुभाष खंडेलवाल ने कहा कि एक अच्छा नाटक मनुष्य की अंतरात्मा को झकझोरता हैए और कलाकारए निर्देशकए लेखक सभी मिलकर समाज की अनकही कहानियों को मंच पर जीवंत करते हैं। यह साधनाए समर्पण और सृजनात्मकता का संगम है। नाटक में विकल्प सिंह, उज्ज्वल मित्रा, पवन जोशी, होशिका भाटिया, महिमा शर्मा, अंकित जादम, संदीप साहू, काव्यांश वैष्णव, अरनव आर्य, अनन्या आर्य, अथर्व सिंह, अहाना श्रीवास्तव एवं राहुल सिंह ने बेहतरीन अभिनय किया।

इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि केसी टेलर व डॉ. भरत छबलानी, डॉ. हरबंस सिंह दुआ, विष्णु अवतार भार्गव सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। संचालन नरेन्द्र भारद्वाज ने किया।

कार्यालय नगर निगम, अजमेर

क्रमांक :न.नि.अ./भवन/25-26/83 आपत्ति सूचना दिनांक-03/06/2025

श्री भरत मंगनानी पुत्र श्री राजकुमार मंगनानी निवासी प्लाट नं. 426 केशव नगर कॉलोनी वैशाली नगर अजमेर द्वारा एक सम्पति संख्या 41 जो ए.एम.सी. नं. 12/193 पुराना 422/912/191 का उत्तरी भाग एवं दक्षिणी भाग जो वाके हाथीभाटा अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 67.16 व.मी. है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएँ निम्नानसार हैं।

पूर्व में- भूखण्ड संख्या 42 पश्चिम में- भूखण्ड संख्या 40
उत्तर में- आम रास्ता 20 फुट चौड़ा दक्षिण में- भूखण्ड संख्या 46 व 47

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि किसी भी व्यक्ति / संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

उपायुक्त, नगर निगम अजमेर

राष्ट्रीय स्तर पर दो विद्यार्थी चयनित

ब्यावर (निसं) जिला कलेक्टर डॉ. महेंद्र खडगावत ने बताया कि ब्यावर जिले के दो प्रतिभावान विद्यार्थियों - नरेंद्र सिंह (कक्षा 11) राजकीय जैन गुरुकुल सीनियर सेकेंडरी. विद्यालय और वर्षा यादव (कक्षा 10) राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुरा ब्यावर- का चयन भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय एवं संस्कृति मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित ''प्रेरणा कार्यक्रम'' में राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेने हेतु हुआ है।यह गौरवपूर्ण कार्यक्रम अगस्त माह में गुजरात स्थित वडनगर में आयोजित होगा, जिसमें ये दोनों विद्यार्थी भाग लेंगे। कार्यक्रम में भाग लेने हेतु विद्यार्थियों की यात्रा और अन्य आवश्यक व्ययों का वहन भारत सरकार द्वारा किया जाएगा।डॉ. खडगावत ने आगे बताया कि यह कार्यक्रम आईआईएमअहमदाबाद और आईआईटी अहमदनगर के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

विकास के नए आयाम गढ़ता अजमेर दक्षिण : भदेल

अजमेर, (कासं)। अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल ने मंगलवार को वार्ड नं. 57 में विधायक कोष से स्वीकृत 12.15 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सीसी सड़क निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि अजमेर दक्षिण क्षेत्र प्रगति के पथ पर निरंतर अग्रसर है और क्षेत्रवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने में कोई कमी नहीं की जाएगी। विधायक भदेल ने कहा कि वार्ड नं. 57 के कार्यकर्ताओं द्वारा संज्ञान में लाया गया था कि वार्ड 57 कि रॉयल बेकरी के पास, कृष्णा चौक की गली की सड़क अत्यंत क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिससे क्षेत्रवासियों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। क्षेत्रवासियों की इस मांग को गंभीरता से लेते हुए विधायक निधि से अविलंब बजट स्वीकृत कर सड़क निर्माण कार्य की शुरुआत करवाई। विधायक भदेल ने यह भी बताया कि उनके प्रयासों से अजमेर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में प्रतिदिन करोड़ों रुपए के विकास कार्यों की आधारशिला रखी जा रही है। यह केवल आंकड़ों का खेल नहीं, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास और जनता की जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। दक्षिण विधानसभा क्षेत्र की हर समस्या का समाधान किया जाएगा। विकास की इसी कड़ी में अजमेर दक्षिण की नीचली बस्तियों में वर्षा का पानी ना भरे इसके हेतु पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था के लिए करीब 60 करोड़ की लागत से 13 नालों का निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण करवाया जा रहा है साथ ही आने वाले समय मे वार्ड 57 में करोड़ों रुपये के विकास कार्य का शिलान्यास शीघ्र होने वाला है। ग्रीष्म ऋतु में क्षेत्रवासियों को पानी की किल्लत ना हो। इस हेतु भी जल विभाग के अधिकारियों का निर्देशित किया जा चुका है। समय-समय पर पानी के प्रेशर की जांच करवाई जा रही है। कार्यक्रम में झलकारी बाई मंडल अध्यक्ष रजनीश चौहान, पूर्व मंडल अध्यक्ष बलराज कच्छावा, हेमंत सांखला, पूर्व पार्षद संतोष मोर्य, सीपी शर्मा, रणजीत सिंह नरुका, दीपू, वरणदीप सिंह, राजकुमार भाटी, सीमा गोस्वामी, तारा राजपुरोहित, जयमाला, भगवान खरे, मनीष चौहान, प्रवीण, मुकेश चौहान, गौरव उपाध्याय, श्याम जी, विपिन गुप्ता, अब्बास अली, राहुल, चंद्रशेखर मौर्य सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने विधायक द्वारा समय पर कार्यवाही और विकास कार्यों की पहल की सराहना की।

घर बैठे मिलेगी डुप्लीकेट मार्कशीट

अजमेर । महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय से संबंद्ध विद्यार्थियों को अब घर बैठे माइग्रेशन, डुप्लीकेट मार्कशीट तथा ऑनलाइन शुल्क जमा करने की सुविधा मिलेगी। एमडीएस विश्वविद्यालय ने नवाचार करते हुए ऑनलाइन पोर्टल की सुविधा की शुरुआत की है।

महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो.कैलाश सोडाणी की पहल पर दस्तावेज के लिए बाहर से आने वाले विद्यार्थियों की सुविधा के लिए ऑनलाइन पोर्टल की शुरुआत की है। मंगलवार को बृहस्पति भवन में हुए समारोह में विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रिया भार्गव, परीक्षा नियंत्रक डॉ.सुनील कुमार टेलर, वित्त नियंत्रक नेहा शर्मा, प्रो.अरविंद पारीक, प्रो.सुभाष चन्द्र, डॉ.विनोद जैन, डॉ.सूरजमल राव, डॉ.तपेश्वर कुमार, डॉ.महेश सोनी, डॉ.राजू शर्मा और राजकुमार गर्ग उपस्थित रहे। इस अवसर पर एक छात्रा का ऑनलाइन आवेदन भरकर शुल्क का ऑनलाइन भुगतान भी किया।

कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक-न.पा.बि./निर्माण.स्वी./2025/954 दिनांक- 03/6/2025

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माझा पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपत्ति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, बाद मियाद, गुजरने पर कोई उज्र/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवन निर्माण

फाईल नं.	आवेदक नाम	भूखण्ड का विवरण	भूखण्ड का नाप	प्रयोजनार्थ
27	श्रीतमा मान्ना पत्नि निर्मल कुमार मान्ना	महावीर कॉलोनी बरल द्वितीय ख.सं. 1028 व 1041 भू.सं.7 का पश्चिमी हिस्सा	55.77 SQ. MTR	आवासीय

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका बिजयनगर

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों के पक्ष में संयुक्त नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर के राजस्व ग्राम थोक मालियान(प्रथम) के खसरा नम्बर 3867 में एक आवासीय भूखण्ड जिसका क्षेत्रफल 211.11 वर्गगज के आवंटी/अन्तरिति श्री वेद प्रकाश शर्मा पुत्र ब्रह्मानन्द शर्मा, जाति ब्राह्मण, निवासी ए-6, सरस्वती स्कूल के पीछे, कालू की ढाणी, अजमेर के निवासी है, नगर सुधार न्यास, अजमेर/अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर के द्वारा एक नियमन लीज डीड पट्टा क्रमांक 7782 एवं दिनांक 25/03/2014 को इनके नाम जारी किया गया। श्री वेद प्रकाश शर्मा पुत्र श्री ब्रह्मा नन्द शर्मा की मृत्यु दिनांक 21/11/2020 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा शपथ पत्र सलंग्न कर मृतक के वारिसानों क्रमशः ''1- श्री अरविन्द कुमार पुत्र स्व श्री वेद प्रकाश शर्मा, आयु करीबन 55 वर्ष, 2-श्री अरूण कुमार शर्मा पुत्र स्व. श्री वेद प्रकाश शर्मा आयु करीबन 59 वर्ष, 3- श्रीमती सुषमा शर्मा पुत्री स्व. श्री वेद प्रकाश शर्मा, आयु करीबन 64 वर्ष, 4-श्रीमती अलका शर्मा पत्नि सुरेश कुमार पुत्री श्री स्व. श्री वेदप्रकाश शर्मा, आयु करीबन 62 वर्ष, चारों जाति ब्राह्मण, निवासीगण ए-6 सरस्वती स्कूल के पीछे, कालू की ढाणी, अजमेर'' द्वारा संयुक्त नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय नगर परिषद् किशनगढ़ (अजमेर) राजस्थान

क्रमांक :न.प.कि/भूमि/2025/3013 आम सूचना दिनांक-03/6/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री शहादत हुसैन पुत्र स्व. श्री मंजूर हुसैन ने 69-क के तहत पट्टा चाहने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है जो की भिश्तीयों का मौहल्ला, गांधी नगर, मदनगंज किशनगढ़ में स्थित भूखण्ड/परिसर कुल क्षेत्रफल 106.72 वर्गगज है जिसकी सीमाएं निम्न प्रकार से है-

पूर्व में- अल्ताफ हुसैन का मकान पश्चिम में- गुलाम हुसैन का मकान
उत्तर में- आम रास्ता दक्षिण में- आम रास्ता

उक्त सीमा मध्य स्थित 69-क के तहत् पट्टा जारी किये जाने में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो लिखित में सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में प्रस्तुत करे बाद मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति/ ऐतराज मान्य नहीं होगा।

प्रभारी अधिकारी, नगर परिषद, किशनगढ़

कार्यालय नगर परिषद् किशनगढ़ (अजमेर) राजस्थान

क्रमांक :नपकि/PWC/BPAS-2362/2025/470 आम सूचना दिनांक-02/6/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री जगदीश प्रसाद सैन पुत्र श्री हरकचन्द सैन राजस्व ग्राम किशनगढ़ बी,खसरा सं. 761 के भूखण्ड सं.- का कुल क्षेत्रफल 95.18 वर्गगज ''मिर्जा बावड़ी रोड,देवडूंगरी'' मदनगंज किशनगढ़ जिला अजमेर राजस्थान पर आवासीय निर्माण स्वीकृति चाहने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है-

पूर्व में- श्री कुका रावत का मकान पश्चिम में- 16.6 फीट रास्ता
उत्तर में- श्री कुका रावत का मकान दक्षिण में- श्री भंवरलाल शर्मा

उक्त सीमा मध्य स्थित 69-क के तहत् पट्टा जारी किये जाने में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो लिखित में सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में प्रस्तुत करे बाद मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति/ ऐतराज मान्य नहीं होगा।

प्रभारी अधिकारी, नगर परिषद, किशनगढ़

कार्यालय नगर परिषद् किशनगढ़ जिला (अजमेर) राजस्थान

क्रमांक :नपकि/नाम हस्तांतरण/2025/1149 आम सूचना दिनांक-03/6/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा संख्या 609, पर स्थित 'सन सिटी' सिद्धी विनायक कॉलोनी के पास, खोड़ा गणेशजी रोड स्थित आवासीय भूखण्ड संख्या 4 क्षेत्रफल 150.00 वर्गगज पर श्रीमती शशिकला पत्नी श्री जुगल किशोर ने आवेदन प्रस्तुत कर नाम हस्तान्तरण चाहा गया है।

उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है-

पूर्व में- भूखण्ड संख्या 11 पश्चिम में- 40' आम रास्ता
उत्तर में- भूखण्ड संख्या 03 दक्षिण में- भूखण्ड संख्या 05

उक्त सीमा मध्य स्थित 69-क के तहत् पट्टा जारी किये जाने में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो लिखित में सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में प्रस्तुत करे बाद मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति/ ऐतराज मान्य नहीं होगा।

प्रभारी अधिकारी, नगर परिषद, किशनगढ़

कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक-न.पा.बि./भूमि/69क/2025/980 आपत्ति आमंत्रित सूचना दिनांक- 03/6/2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित आवेदक ने 69-ए के तहत पालिका को आवेदन प्रस्तुत किया है,जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाकर पट्टे दिये जायेंगे। अतः इन भूखण्डों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेजों/प्रमाण के 7 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर देंवे। समयावधि गुजर जाने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

क्र.सं.	मकान मालिक का नाम	आवेदित स्थल	दिशाएं पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण	क्षेत्रफल
1	कन्हैयालाल जैन पुत्र श्री मोहनलाल जैन	भंवर बाड़ी	जायदाद देवीलाल की	अन्य की	आम रास्ता	आम रास्ता	451.36 वर्गमीटर
2	निखिल जैन पुत्र श्री विनोद कुमार जैन भरत तिवारी श्री राजेश तिवारी	हरिजन बस्ती	जायदाद मदनलाल तातेड़	जायदाद स्वयं की	जायदाद नोरत कंवर की	आम रास्ता	103.25 वर्गमीटर

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका विजयनगर

कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर

क्रमांक : 326 जाहिर आम सूचना दिनांक : 03/06/2025

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 2/130, पंचशील, अजमेर में श्री राधेश्याम रांकावत पुत्र श्री रामचन्द्र को आवंटित कर दिनांक 09.09.1997 को आवास का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। श्री राधेश्याम रांकावत पुत्र श्री रामचन्द्र द्वारा दिनांक 20.08.1999 को उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त आवास का पंजीयन करवा लिया गया था। पंजीयन पश्चात् श्री राधेश्याम रांकावत पुत्र श्री रामचन्द्र द्वारा आवास का वैचान श्री लक्ष्मण सोनी पुत्र श्री रामचन्द्र सोनी एवं श्रीमती पुष्पा सोनी पत्नि श्री लक्ष्मण सोनी को दिनांक 26.10.2024 को कर दिया गया। जो कि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 936 में पृष्ठ संख्या 146 क्रम संख्या 202403002111590 पर पंजीबद्ध किया गया। तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 3744 के पृष्ठ संख्या 180 से 191 पर दिनाक 26.10.2024 को चस्पा किया गया। अब श्री लक्ष्मण सोनी पुत्र श्री रामचन्द्र सोनी एवं श्रीमती पुष्पा सोनी पत्नि श्री लक्ष्मण सोनी ने उक्त आवास से संबंधित विक्रय चैनल प्रस्तुत कर स्वयं के नाम दोहरा पंजीयन उपरांत नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। श्री लक्ष्मण सोनी पुत्र श्री रामचन्द्र सोनी एवं श्रीमती पुष्पा सोनी पत्नि श्री लक्ष्मण सोनी का नाम मण्डल रिकॉर्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है। अत उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी / आपत्ति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-अजमेर

कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर

क्रमांक : 297 जाहिर आम सूचना दिनांक : 03/06/2025

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 4/97, पंचशील, अजमेर श्रीमती माया आहूजा पत्नि श्री बलराम को आवंटित कर दिनांक 22.03.1999 को आवास का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। श्रीमती माया आहूजा पत्नि श्री बलराम द्वारा दिनांक 25.09.2000 को उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त आवास का पंजीयन करवा लिया गया था। पंजीयन पश्चात् श्रीमती माया आहूजा पत्नि श्री बलराम द्वारा मुख्त्यार आम श्रीमती शकुन्तला नवल पत्नि श्री यशवन्त राज नवल के पक्ष में दिनांक 17.05.2006 को निष्पादित किया गया। मुख्त्यार आम के आधार पर श्रीमती शकुन्तला नवल पत्नि श्री यशवन्त राज नवल द्वारा दिनांक 28.01.2009 को स्वयं के पक्ष में आवास का पंजीयन करवा लिया गया। जो कि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 1665 में पृष्ठ संख्या 42 क्रम संख्या 2009000400 पर पंजीबद्ध किया गया। तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 3652 के पृष्ठ संख्या 366 से 376 पर दिनांक 28.01.2009 को चस्पा किया गया। अब श्रीमती शंकुन्तला नवल पत्नि श्री यशवन्त राज नवल ने उक्त आवास से संबंधित विक्रय चैनल प्रस्तुत कर स्वयं के नाम दोहरा पंजीयन उपरांत नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। श्रीमती शकुन्तला नवल पत्नि श्री यशवन्त राज नवल का नाम मण्डल रिकॉर्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी/आपत्ति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-अजमेर

किशनगढ़ में नकली खाद बीज नकली होने पर आरोप प्रत्यारोप

अजमेर, (कासं)। कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा द्वारा गत दिनों किशनगढ़ उपखंड में की गई छापेमार कार्यवाही में नकली खाद निर्माण करने वाली फैक्ट्रियों को लेकर आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गए। मंगलवार को अजमेर शहर भाजपा और देहात इकाई अध्यक्ष की ओर से प्रेस वार्ता आयोजित कर कांग्रेस पर हमला बोलते हुए खाद फैक्ट्रियों के लाइसेंस बांटने के गंभीर आरोप लगाए गए।

शहर भाजपा अध्यक्ष रमेश सोनी ने मंगलवार को प्रेसवार्ता आयोजित कर कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि गत दिनों किशनगढ़ में जिन फैक्ट्रियों पर कार्रवाई की गई, वे सभी कांग्रेस शासन में शुरू हुई थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की सरकार ने 2018 से 2023 के बीच रेवडियों की तरह लाइसेंस बांटे और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है और इसी दिशा में कार्रवाई हो रही है।

केंद्रीय मंत्री चौधरी पर लगे आरोप निराधार बताया : सोनी ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा पर भी निशाना साधते हुए कहा कि वे विवादों से घिरे रहते हैं और हाल ही में विधानसभा अध्यक्ष पर की गई उनकी टिप्पणी अमर्यादित थी। उन्होंने डोटासरा द्वारा केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी पर लगाए गए आरोपों को निराधार बताया।

देहात अध्यक्ष प्रजापत ने भी कांग्रेस पर साधा निशाना : भाजपा देहात अध्यक्ष जीतमल प्रजापत ने भी कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन फैक्ट्रियों को लाइसेंस मिला, उनमें से एक तिलोनिया गांव की फैक्ट्री 2021-22 में कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में लाइसेंस मिला था। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने 2022 और 2023 में भी बड़ी संख्या में लाइसेंस बांटे और अब जब कार्रवाई हो रही है तो तथ्यों को तोड़-मरोडक़र जनता को भ्रमित किया जा रहा है।

नवमी पर शोभायात्रा आज

मदनगंज-किशनगढ, (निस)। माहेश्वरी पंचायत संस्था की और से महेश नवमी के उपलक्ष में भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। अध्यक्ष रामनारायण झंवर व सचिव किशन बंग ने बताया की प्रातः 6.30 बजे तेली मोहल्ला स्थित माहेश्वरी भवन में पूजा अर्चना के साथ शोभायात्रा का जुलुस रवाना होगा, मुख्य मार्गो पर जगह जगह धर्मानुरागियो द्वारा स्वागत अभिनंदन किया जायेगा।

शाम को महेश विहार में महाप्रसाद के अलावा पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित होगा। संयोजक विजय सारड़ा, सह संयोजक भगवान बाहेती, राजकुमार कासट ने बताया की इससे पूर्व सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जुनियर वर्ग एकल नृत्य में प्रथम स्थान पर अवधी पुत्री अजय काबरा, द्वितीय सार्थक पुत्र पवन राठी, तृतीय स्थान पर साक्षी पुत्री सागर लाहोटी रही।

प्रवक्ता अनिल लढा के अनुसार यूगल नृत्य में प्रथम निवेशिका पुत्री लोकेश पोरवाल, गजना पुत्री बद्रीप्रसाद मंडोरा ने बाजी मारी। सिनियर एकल नृत्य में प्रथम आर्यन पुत्र विकास सोडानी, द्वितीय ध्रुविका पुत्री मनोज कांकाणी। युगल नृत्य में प्रथम स्थान पर अलका पत्नी अरुण मालू, शिखा पत्नी आशिष मालु व राधिका पत्नी राघव मालू एवं द्वितीय सलोनी पत्नी रचित मूंदड़ा रही।संचालन अजय काबरा, प्रियंका जैथलिया, आरती असावा ने किया। निर्णायक के रूप में नितिका महणोत, कमलेश मौजूद रहे।

NAME CHANGE

I Kusum Yadav Wife of Army No 15170411X, NK, Dilip Kumar Yadav, Residing Village- Bedauli, Po - Karanda, Teh & Dist - Ghazipur, U.P, 233224 Have changed my name From Kusum to Kusum Yadav Vide affidavit no CA 476813 Dt 02/06/2025 before court Campus Nasirabad

आम सूचना

मेरी दादी मां गलकू पत्नि हजारी जाति गुर्जर निवासी झिरोता की मृत्यु दिनांक 10.02.2018 को मेरे निवास स्थान झिरोता में नहीं करवाया था। अब मैं मेरी दादी मां गलकू का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अरांई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने बाबत जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिन में मय दस्तावेज स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति तहसीलदार के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं हो